(24)

20रु. कोर्ट फी COURT FEE Rs.20 भारत INDIA बीस रुपये TWENTY RUPEES — CANCELLED

20रु. कोर्ट फी COURT FEE Rs.20 भारत INDIA बीस रुपये TWENTY RUPEES — CANCELLED

**माननीय न्यायालय मध्य प्रदेश राजस्व मण्डल ग्वालियर (म0प्र0)**

राजस्व अपील कं0 – I/अपील/सिवनी/स्टांप अधि/2018/1896

(517)

श्री अब्दुल मजीद आत्मज श्री अब्दुल रशीद

उम्र लगभग 67 वर्ष, निवासी काजीवार्ड सिवनी

तहसील व जिला सिवनी (म0प्र0) ----- अपीलार्थी

विरूद्ध

1. कलेक्टर आफ स्टाम्प सिवनी,
   जिला सिवनी,
2. श्रीमति माया वर्मा पत्नि श्री ब्रज मोहन वर्मा
   उम्र लगभग 60 वर्ष, निवासी महावीरवार्ड सिवनी,
   तहसील व जिला सिवनी (मप्र0) ------ अनावेदकगण

आखिलेश मालवी अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत 4158 25 JAN 2018 अधीक्षक ...जबलपुर संभाग

**द्वितीय अपील अंतर्गत धारा 47 ए (4) भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1899,**

प्रथम अपील न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त महोदय जबलपुर (म0प्र0) जिसका कि राजस्व प्रकरण 168/अपील 2014–15 में पारित आदेश 06.07.2017 से व्यथित होकर निम्न तथ्यों एवं आधारों पर यह द्वितीय अपील प्रस्तुत है।

NOTARY GOVT. OF M. P. INDIA

25 JAN 2018

**प्रकरण तथ्य**

1. यह कि, अपीलार्थीगण द्वारा माननीय न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश महोदय सिवनी के समक्ष व्यवहार वाद प्रकरण कमांक 40 ए/14 अब्दुल मजीद खान बनाम श्रीमति माया वर्मा इस आधार पर प्रस्तुत किया गया है कि उनके द्वारा अनावेदक कमांक 2 मौजा सिंवनी रैयत प0ह0नं0 77/1 खसरा नं0 37/12 जिसका कि रकबा 0.737 हे0 एवं खसरा कमांक 34/4 रकबा 0.789 हे0 भूमि कय करने के अनुबंध निष्पादन से संदर्भित है एवं यह उल्लेखनीय



49 5/10/18 1:00 PM

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश—ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

भाग—अ

प्रकरण क्रमांक एक—अपील / सिवनी / भा.स्टा.अधि. / 2018 / 1896

| स्थान दिनांक | कार्यवाही तथा आदेश | पक्षकारों एवं अभिभाषक आदि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 5/12/18 | आवेदक के अभिभाषक के तर्क सुने तथा प्रस्तुत अभिलेख का अवलोकन किया गया। यह अपील कलेक्टर आफ स्टाम्प जिला सिवनी के प्र.क्र. 50 बी–103/14–15 में पारित आदेश दिनांक 28–1–17 , जिसके विरूद्ध आयुक्त, जबलपुरं संभाग, जबलपुर के समक्ष अपील होने पर प्र.क्र. **168/14–15** अपील) में पारित आदेश दिनांक **6–7–17** से सुनवाई के अधिकार न होने के आधार पर खारिज की गई है , के क्रम में राजस्व मण्डल, म०प्र० ग्वालियर में प्रस्तुत की गई है।<br><br>2/ प्रकरण के अवलोकन पर स्थिति यह है कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 मे मध्य प्रदेश अधिनियम क्रमांक ३० सन 2017 ( भारतीय स्टाम्प ' म०प्र०संशोधन ) अधिनियम 2016 में हुये संशोधन अनुसार कलेक्टर आफ स्टाम्प व्दारा पारित आदेश के विरूद्ध प्रथम अपील संभागीय पंजीयक को होगी। अपील सुनवाई योग्य न रहने से समाप्त की जाती है। अपीलांट इस आदेश की प्रमाणित सहित सक्षम न्यायालय में अपील करने हेतु स्वतंत्र है।<br><br>सदस्य | |